
TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

04 अक्टूबर 2025


# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

मनुष्य का सबसे बड़ा शत्रु उसका अहंकार है।

प्रेमचंद




राकेश कुमार

www.teachersofbihar.org

Teachers of Bihar
The change makers
दिवस विशेष
4 अक्टूबर


मधु प्रिया

# आचार्य रामचन्द्र शुक्ल का जन्म 4 अक्टूबर



आचार्य रामचन्द्र शुक्ल का जन्म 4 अक्टूबर 1884 ईस्वी में उत्तर प्रदेश बस्ती जिले के अगोना नामक गाँव में हुआ था। इनकी माता जी का नाम विभाषी था और पिता चंद्रबली शुक्ल की नियुक्ति सदर कानूनगो के पद पर मिर्ज़ापुर में हुई तो समस्त परिवार वहीं आकर रहने लगा। जिस समय शुक्ल की अवस्था नौ वर्ष की थी, उनकी माता का देहान्त हो गय। हिन्दी आलोचक, कहानीकार, निबन्धकार, साहित्येतिहासकार, कोशकार, अनुवादक, कथाकार और कवि थे। उनके द्वारा लिखी गई सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण पुस्तक है हिन्दी साहित्य का इतिहास, जिसके द्वारा आज भी काल निर्धारण एवं पाठ्यक्रम निर्माण में सहायता ली जाती है। हिन्दी में पाठ आधारित वैज्ञानिक आलोचना का सूत्रपात भी उन्हीं के द्वारा हुआ। हिन्दी निबन्ध के क्षेत्र में भी शुक्ल का महत्त्वपूर्ण योगदान है। भाव, मनोविकार सम्बन्धित मनोविश्लेषणात्मक निबन्ध उनके प्रमुख हस्ताक्षर हैं। शुक्ल ने साहित्य के इतिहास लेखन में रचनाकार के जीवन और पाठ को समान महत्त्व दिया। उन्होंने प्रासंगिकता के दृष्टिकोण से साहित्यिक प्रत्ययों एवं रस आदि की पुनर्व्याख्या की।आचार्य रामचन्द्र शुक्ल हिंदी साहित्य को समृद्धि करने और गौरव के उच्च शिखर तक पहुँचाने की दिशा में साधनारत साहित्यकारों में आचार्य रामचन्द्र शुक्ल जी का स्थान सर्वोपरि है | आचार्य रामचंद्र शुक्ल हिंदी भाषा के सुप्रसिध्द समालोचक व निबन्धकार के रूप में साहित्य जगत में प्रसिद्ध है। इन्होने ने अपनी अद्वितीय निबंध रचनाओं से हिन्दी साहित्य को एक नवीन एवं उपयोगी दिशा प्रदान की है | शुक्ल जी के अभूतपूर्व योगदान के कारण ही इनके तत्कालीन युग को “शुक्ल युग” के नाम से जाना जाता है | इनकी मृत्यु 2 फ़रवरी 1941 बनारस  में हुई।

# जयंती विशेष 04 अक्टूबर



अपनी अति उत्कृष्ट रचनाशैली से हिंदी साहित्य को आलोकित करने वाले, नवाचार को समर्पित सुप्रसिद्ध साहित्यकार, आलोचक व लेखक

## आचार्य रामचंद्र शुक्ल जी

की जयंती पर कोटिशः नमन।

**रामचन्द्र शुक्ल** *Ramchandra Shukla*, जन्म- 4 अक्टूबर, 1884, बस्ती ज़िला, उत्तर प्रदेश; मृत्यु- 1941 ई. भारत) बीसवीं शताब्दी के हिन्दी के प्रमुख साहित्यकार थे। उनकी द्वारा लिखी गई पुस्तकों में **हिन्दी साहित्य का इतिहास** प्रमुख है, जिसका हिन्दी पाठ्यक्रम को निर्धारित करने मे प्रमुख स्थान है।

# MATH TLM

Class-6to8

48

## महत्वपूर्ण सूत्र (ब्याज)

- मिश्रधन= $\frac{\text{मूलधन} \times 100 + (\text{समय} \times \text{दर})}{100}$

जैसे - मूलधन=2000रू, समय=4 वर्ष, दर=8%, मिश्रधन=?

हलः- मिश्रधन= $\frac{2000 \times 100 + (4 \times 8)}{100}$

= 2640रु

Anu Priya, Science Teacher

# मुख्यमंत्री विद्यालय सुरक्षा कार्यक्रम

## (सुरक्षित शनिवार)

राकेश कुमार

माह: October 2025

| | |
|---|---|
| **प्रथम शनिवार**<br>दिनांक 04.10.2025 | नाव दुर्घटना एवं पानी में डूबने से बचाव के सन्दर्भ में जानकारी  |
| **द्वितीय शनिवार**<br>दिनांक 11.10.2025 | दशहरा / छठ / मुहर्रम / आदि पर्वो में भगदड़ संबधी जोखिम एवं बचाव की जानकारी  |
| **तृतीय शनिवार**<br>दिनांक 18.10.2025 | दिवाली के पटाखों एवं प्रदूषण से उत्पन्न स्वास्थ्य संबधी जोखिम एवं बचाव  |
| **चतुर्थ शनिवार**<br>दिनांक 25.10.2025 | सड़क दुर्घटना से बचाव के सन्दर्भ में जानकारी  |

**बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण**

www.teachersofbihar.org

# TOB खेल कॉर्नर

**यशस्वी जायसवाल टाइम मैगजीन के टॉप-100 उभरते सितारों में शामिल:** इस लिस्ट में दुनिया के इकलौते क्रिकेटर, लिखा- मुझे इस पर गर्व है

## यशस्वी जायसवाल




इंटरनेशनल करियर

**टेस्ट**
- 2209 रन
- मैच 24 | एवरेज 50.20
- 100/50s : 6/12

**वनडे**
- 15 रन
- मैच 1 | एवरेज 15.00
- 100/50s : 0/0

**टी-20 इंटरनेशनल**
- 723 रन
- मैच 23 | स्ट्राइक रेट 164.31
- 100/50s : 1/5

# Teachers of Bihar
The Change Makers

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 04.10.2025

## शिक्षण अन्वेषण

शिक्षण अन्वेषण (**Teaching Inquiry**) एक छात्र-केंद्रित शिक्षण दृष्टिकोण है जहाँ छात्र प्रश्न पूछकर, शोध करके, सहभागिता करके और चिंतन करके ज्ञान का स्वयं निर्माण करते हैं. इस विधि में छात्र सक्रिय भागीदार बनते हैं और शिक्षक एक मार्गदर्शक के रूप में कार्य करता है. यह छात्रों में आलोचनात्मक सोच और जिज्ञासा को बढ़ावा देता है, साथ ही उन्हें जानकारी का मूल्यांकन करना और समस्या-समाधान करना सिखाता है ।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान



जहां पूरा देश दशहरे के दिन **रावण दहन** के साथ बुराई पर अच्छाई की जीत का उत्सव मनाता है। वहीं, दूसरी तरफ **उत्तर प्रदेश** के कानपुर में एक **अनूठी परंपरा** है, यहां शिवाला क्षेत्र में स्थित दशानन मंदिर में भक्त रावण की विशेष **पूजा-अर्चना** करते हैं।



राकेश कुमार

# Teachers of Bihar

The change makers




## गुणकारी फल

### अनार




मुझमें vit.C,K,B, omega-6 , फैटी एसिड, फ्लेवोनॉइन, फेनॉलिक्स, आयरन, जिंक, पोटेशियम और सेलेनियम भरपूर मात्रा में पाया जाता है।

Anu priya


पद्य पंकज
TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
कभी फूलों की तरह मत जीना,
जिस दिन खिलोने बिखर जाओगे,
जीना है तो पत्थर बनकर जियो,
किसी दिन तराशे गए तो खुदा बन जाओगे।
हरिवंशराय बच्चन
Madhu priya
www.padyapankaj.teachersofbihar.org


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
आचार्य रामचंद्र शुक्ल
जन्म 4 अक्टूबर 1884
निधन 2 फरवरी 1941


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
भागवत झा आज़ाद
जन्म 28 नवंबर 1922
मृत्यु 4 अक्टूबर 2011
Madhupriya
www.teachersofbihar.org